हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

12 गांव चलो-बस्ती चलो अभियान, भाजपा...



12 कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण कर मनाया गया ...





## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब बरामद, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा के पिथौरा चौक के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति इमली पेड़ के नीचे पिथौरा चौक के पास बागबाहरा में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिक्री करने के लिए रखा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1600 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### बाइक से शराब परिवहन एक युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से शराब का अवैध परिवहन करने वाले एक आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी बाइक से अवैध शराब परिवहन करते भंवरपुर से बड़ेसाजापाली रोड की ओर जा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से उसका नाम पता पूछा, जिस पर उसने अपना नाम विकास मोई पिता भक्तचरण मोई (20 साल) रसोड़ा होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 50 पौवा शेरा देशी प्लेन शराब कीमत 4000 रुपए और बाइक कीमत 10000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### नशा तस्कर को पकड़ा, 4 किलो से अधिक गांजा जब्त

**महासमुंद।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और सरायपाली पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम केंदूढार के पास नाकाबंदी कर आरोपी दुर्गाप्रसाद वैष्णव को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 4.432 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने गांजे के साथ तस्करी में इस्तेमाल पुरानी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 2 लाख 70 हजार रु. आंकी गई है।

# ड्रायविंग लायसेंस के लिए टेस्ट ट्रैक नहीं, 100 मीटर के घेरे में हो रहा आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में एक सुव्यवस्थित और मानक टेस्ट ट्रैक न होने के कारण, ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अनिवार्य ड्राइविंग टेस्ट महज 100 मीटर के एक छोटे से यार्ड में लिया जा रहा है। विशेष रूप से भारी वाहनों के लिए लाइसेंस आवेदन करने वाले चालकों के सामने यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। नियमों के अनुसार, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने से पहले आवेदक की ड्राइविंग कुशलता की जांच एक निर्धारित मापदंड वाले ट्रैक पर होनी चाहिए। इस ट्रैक में एस आकार, एच आकार और चढ़ान जैसे विभिन्न पड़ाव होने चाहिए, ताकि चालक की क्षमता का सही आंकलन किया जा सके। लेकिन, आरटीओ विभाग के पास पर्याप्त भूमि और ट्रैक का अभाव है। वर्तमान में कार्यालय परिसर के पीछे मौजूद महज 100 मीटर के कच्चे यार्ड में ही दोपहिया और चारपहिया वाहनों का टेस्ट लिया जा रहा है।

## कच्चे यार्ड में ही दोपहिया और चारपहिया वाहनों का लिया जा रहा टेस्ट

### बड़े वाहन चालकों की बढ़ी मुश्किलें

सबसे अधिक समस्या ट्रक, बस और ट्रेलर जैसे भारी वाहनों का लाइसेंस बनवाने वालों को हो रही है। भारी वाहनों को मोड़ने और रिवर्स करने के लिए बड़े दायरे की आवश्यकता होती है। पर्याप्त जगह न होने के कारण इन चालकों के कौशल की सही जांच नहीं हो पाती। परिवहन विभाग के पास बड़े वाहनों के परीक्षण के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है।



### प्रशासनिक पहल की दरकार

जिला बनने के इतने वर्षों बाद भी परिवहन विभाग के पास खुद का आधुनिक ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक नहीं होना चिंता का विषय है। वर्तमान में आवेदकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन बुनियादी ढांचा वही पुराना है। स्थानीय निवासियों और आवेदकों ने मांग की है कि विभाग को जल्द से जल्द बड़े वाहनों के अनुकूल एक विस्तृत टेस्ट ट्रैक का निर्माण करना चाहिए, ताकि पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### सड़क सुरक्षा पर पड़ सकता है असर

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि टेस्ट ट्रैक मानक स्तर का नहीं होगा, तो अकुशल चालक भी आसानी से टेस्ट पास कर लेंगे। बिना कड़ी परीक्षा के लाइसेंस जारी होने से भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में चालकों का परीक्षण कड़े मानकों और उचित ट्रैक पर किया जाए।

**अपराध:** युवक को मारकर बोरी में डाला, लाश ऊपर न आए इसलिए बांध दिए थे पत्थर

# हत्या कर कुएं में फेंका, दुर्गंध से लाश ने बता दिया अपना ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- हत्या कर साक्ष्य छिपाने की कोशिश हुई नाकाम, हत्या तकरीबन 25 दिन पहले होने का अनुमान

हत्यारों ने अज्ञात युवक की हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने पहले तो उसे बोरी में भरा और फिर लाश को कुंए में धकेल दिया। लाश पानी से बाहर न आए इसलिए हत्या करने वाले ने लाश के साथ भारी भरकम पत्थर भी बांध दिए थे। गुरुवार को सुनसान इलाके में स्थित कुंए से उठ रही भारी दुर्गंध के चलते लोग पहुंचे तो पानी में तैरती हुई सड़ी गली लाश मिली। मामला जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम लभराखुर्द सबस्टेशन के पीछ स्थित कुंए की है जहां एक पुराने और सुनसान कुएं में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह, 9 अप्रैल को हुई हैं।



लभराखुर्द के सरपंच गंगाराम कुर्रे ने पुलिस को सूचना दी कि सब स्टेशन के पीछे स्थित कुएं से तेज दुर्गंध आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कुएं के भीतर देखने पर एक बंद बोरी पानी के ऊपर तैरती हुई पाई गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जब पुलिस ने उस बोरी को बाहर निकाला, तो उसके भीतर का दृश्य भयावह था। बोरी के अंदर एक अज्ञात पुरुष का शव था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास है।

हत्यारों ने बेहद शातिराना तरीके से शव को ठिकाने लगाया था। लाश को पहले एक बोरी में भरा गया, फिर उसे मोटी रस्सी से कसकर बांधा गया। शव पानी के ऊपर न आए, इसके लिए उसमें भारी-भरकम पत्थर बांधकर उसे कुएं में धकेल दिया गया था। पुलिस के अनुसार, शव की स्थिति को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह करीब 20 से 25 दिन पुराना है। पानी में इतने दिनों तक रहने के कारण शव पूरी तरह सड़ चुका है। चेहरे और शरीर पर कोई भी स्पष्ट निशान बाकी नहीं हैं, जिससे मृतक की तत्काल पहचान की जा सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पहचान के लिए गुमशुदगी रिपोर्ट खंगाल रही पुलिस

मृतक की शिनाख्त पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। जिले के सभी थानों में पिछले एक महीने के भीतर दर्ज हुई गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगालने की कवायद के साथ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और हत्या के तरीके का पता चल पाएगा। इसके साथ ही आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर डीएनए टेस्ट का सहारा भी लिया जाएगा।

### जिले में बढ़ते अपराधों से दहशत

जिले में पिछले कुछ समय से चाकूबाजी, चोरी और हत्या जैसी वारदातों में बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में खैराभांठा निवासी प्रकाश पटेल की भी गला रेतकर हत्या कर दी गई थी, जिसका आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। फिलहाल, पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। कुएं में बोरी बंद मिली लाश, हत्या कर साक्ष्य छिपाने की कोशिश बेहद खौफनाक हैं।

# वारंट की तामील कराने पहुंचे आरक्षक पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वारंटी ने आरक्षक पर ही चाकू से हमला कर पुलिस कर्मी को घायल कर दिया। खल्लारी धाना क्षेत्र के इस मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक हरीश कंवर 08 अप्रैल को सउनि अश्वनी मारकंडे के साथ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट के दां.प्र.क्रं. 27/2025 धारा 137(2), 64(2), 87 बीएनएस, 4, 6 पॉक्सो एक्ट शासन विरूद्ध किशोर चौहान के प्रकरण के अभियुक्त किशोर उर्फ मिथुन चौहान पिता निर्मल चौहान (20 वर्ष) चरौदा थाना खल्लारी जिला महासमुंद (छ.ग.) की पेशी के लिए गिरफ्तारी वारंट तामील करने के लिए ग्राम कोटवार नोहर सिंह सूर्यवंशी को साथ लेकर गया था। जहां उसे देखकर किशोर उर्फ मिथुन चौहान भागने लगा, जिसे आरक्षक के द्वारा लगभग एक किलोमीटर दौड़ाने के बाद चरौदा बांध के नीचे जंगल में सुबह करीबन 11.10 बजे पकड़ लिया। पकड़ने के दौरान वारंटी ने अपने कमर में छिपाकर रखे धारदार चाकू को निकालकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए चाकू से पहली बार चेहरे में वार किया, जब उसने बचाव किया तब आरोपी ने दूसरी बार पेट में हमला किया और गुस्से में आकर तीसरी बार कमर में हमला करने के दौरान जब उसने बचाव किया। दोनों हाथों के पंजे में व नाक में चोट आई। इस दौरान वारंटी भाग निकला। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 121(1), 132, 109(1), 118(1), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### गांजा तस्करी मामले में दो को सश्रम कारावास की सजा

**महासमुंद।** गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर दो अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (II) (ग) के तहत विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने 15-15 साल के सश्रम कारावास और डेढ डेढ लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर एक-एक वर्ष का पृथक से सश्रम कारावास भुगताया जाएगा। अभियोजन के अनुसार कोमाखान थाना को 25 अप्रैल 23 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति सफेद रंग के महिंद्रा मार्सल गाड़ी क्र. ओआर 02 एन 4031 में अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिए ओडिशा राज्य से आ रहे है। सूचना पर टेमरीनाका पहुंचकर घेराबंदी की गई। मुखबिर के बताए गाड़ी आने पर उसे रोककर पूछताछ की गई तो वाहन चालक ने अपना नाम मामड़ी पाका सतीश पिता माधवराव ग्राम कोमादारी विशाखापटनम बताया। बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम वंकरा सुनील माइकल पिता बी जेसूदास कोमादारी विशाखापटनम बताया। आरोपियों को मुखबिर की सूचना से अवगत कराकर वाहन की तलाशी ली गई तो गाड़ी के पीछे सीट के नीचे बने एक चेंबर तथा गाड़ी के ऊपर छत को उठाकर देखने पर सौ किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपियों को गिरफ्तार कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। जहां से आरोप सिद्ध होने पर सजा सुनाई गई।

# घोड़ारी के ढाबा में सट्टा, छह लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फोन पे पर रकम लेकर ऑनलाइन सट्टा खेलने और खिलाए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छः लोगों को धर दबोचा है। मामले में स्थानीय खाईवाल सहित राजधानी और स्थानीय कई सफेदपोश मामले में लिप्त पाए गए हैं जिनके विरुध्द कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सूचना मिली थी कि बाबा फैमिली ढाबा घोड़ारी में दीपेश गोस्वामी लोगों को ऑनलाइन सट्टा संचालित कर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। मौके पर पहुंचकर दीपेश गोस्वामी से पूछताछ कर उसके आई-फोन मोबाईल को चेक करने पर उसके आई-फोन मोबाईल में फोन पे पर हितेश साहू से 16,000 रुपए, 10,000 रुपए, 20,000 रुपए तथा पोंगा उर्फ चंदन साहू से 5,000 रुपए, 15,000 रुपए, 14,000 रुपए, 3,000 रुपए अलग-अलग तिथियों को ऑनलाइन सट्टा से प्राप्त होना पाया गया।

आरोपी ने पूछताछ करने पर अपने साथ खड़े मनीष शर्मा से ऑनलाईन सट्टा लिंक के माध्यम से सट्टा खेलना तथा सट्टा से प्राप्त रकम को अपने फोन पे में लेना स्वीकार किया। वहीं मनीष शर्मा से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह पावर एक्स नामक वाट्सएप ग्रुप में वर्चुअल नंबर के आधार पर वाट्सएप में अपने साथियों उज्ज्वल देवांगन, नवनीत देवांगन, हितेश साहू उर्फ पिंकू के साथ वाट्सएप ग्रुप में ऑनलाइन सट्टा संबधित चैट एवं लेनदेन करना स्वीकार किया।

इसके बाद पुलिस ने उज्ज्वल देवांगन, नवनीत देवांगन, हितेश साहू उर्फ पिंकू को तलब कर उनसे पूछताछ की गई, जिस पर उन्होंने पावर एक्स वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलकर खिलाकर आर्थिक लाभ प्राप्त करना स्वीकार किया गया। आरोपी मनीष शर्मा द्वारा दीपेश गोस्वामी को ऑनलाइन सट्टा लिंक देना और आरोपी दीपेश गोस्वामी द्वारा हितेश साहू उर्फ मोनू को लिंक बताकर ऑनलाइन सट्टा खेलना स्वीकार किया गया

### इनके खिलाफ की गई है कार्रवाई

पुलिस ने मामले में आरोपी दीपेश गोस्वामी उर्फ सुमन पिता अशोक गिरी गोस्वामी (32 साल) वार्ड नं 26 क्लबपारा महासमुंद थाना व जिला महासमुंद, मनीष शर्मा उर्फ राजा उर्फ मूसा पिता स्व सुरेश शर्मा (38 साल) वार्ड नं 42 शिव मंदिर के पास अश्विनी नगर थाना पुरानी बस्ती रायपुर जिला रायपुर, हितेश उर्फ मोनू साहू पिता रमेशचंद साहू (43 साल), न्यू शांति नगर रायपुर थाना सिविल लाईन रायपुर जिला रायपुर, स्थाई पता मेघ बसंत कॉलोनी महासमुद थाना व जिला महासमुंद, हितेश उर्फ पिंकू साहू पिता शंकर लाल साहू (32 साल) स्टेशन रोड लोधीपारा थाना गंज रायपुर जिला रायपुर, नवनीत देवांगन उर्फ बाबा पिता दानीराम देवांगन (40 साल) वार्ड नं 42 अश्विनी नगर रायपुर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर, उज्ज्वल देवांगन उर्फ राजा पिता स्व. रामेश्वर देवांगन (26 साल) साकिन वुड आईलैंड कॉलोनी अमलेश्वर थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग एवं अन्य आरोपी पर कार्रवाई की गई। आरोपियों के कब्जे से 1,40,000 रुपए के मोबाइल फोन जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 35 (1)(बी)(11) बीएनएसएस कार्रवाई की गई।

### कांग्रेस का पंचायत एवं बूथ कमेटियों का गठन कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मिशन गांव चलो अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम स्तर पर संगठन सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में 10 अप्रैल 2026 को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव तथा सरायपाली विधायक चातुरी नंद द्वारा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों ग्राम बलौदा में दोपहर 12 बजे, ग्राम अमेलडीह 12:30 बजे, ग्राम खोखेपुर में 01 बजे, ग्राम सिरबोड़ा में दोपहर 01:30 बजे में पंचायत एवं बूथ कमेटियों का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान दोनों जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक में भी शामिल होंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे।

# परीक्षा नहीं लेने वाला शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

खबर का असर


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Mahasamund Bhoomi - 08 Apr 2026 - Page 1
कोटादादर प्राथमिक शाला में कक्षा 1-2 के छात्र-छात्राएं वार्षिक परीक्षा से वंचित

विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला कोटादादर में कक्षा पहली और दूसरी की वार्षिक परीक्षा नहीं लेने के मामले में कार्रवाई की गई है। सहायक शिक्षक श्याम कुमार पटेल को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। इस मामले को हरिभूमि ने 8 अप्रैल के अंक में 'कोटादादर प्राथमिक शाला में कक्षा 1-2 के छात्र-छात्राएं वार्षिक परीक्षा से वंचित' शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसके बाद शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया। जांच में पाया गया कि 6 अप्रैल को कक्षा पहली के हिंदी और कक्षा दूसरी के अंग्रेजी विषय की परीक्षा नहीं ली गई थी, जबकि उसी दिन कक्षा तीसरी और चौथी की परीक्षा कराई गई थी। मामले में संबंधित शिक्षक को पहले कारण बताओ नोटिस दिया गया था, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने उन्हें निलंबित करने का आदेश जारी किया। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पिथौरा कार्यालय रखा गया है और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ता मिलेगा। गौरतलब है कि इस लापरवाही के कारण कक्षा 1 और 2 के कुल 26 बच्चे परीक्षा से वंचित रह गए थे।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय :
प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद
मो. 9981131365, 9098324969

# कौशल योजना में 120 युवाओं ने ली ट्रेनिंग, आदेश के बाद भी मिली नहीं नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जिले के सैकड़ों युवा रोजगार पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इनमें 120 युवा ऐसे हैं, जो जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उनके प्रशिक्षण के आधार पर ही ग्राम पंचायतों में जल वितरण के संचालन और संसाधण कार्य के लिए उनका चयन भी हुआ है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने इसके लिए ग्राम पंचायतों को पत्र भी जारी किया था, जिसमें चयनित युवाओं को पंचायत स्तर पर मानदेय के आधार पर नौकरी पर रखने के लिए अनुशंसा की गई थी। इसके बावजूद इन युवाओं को अब तक नौकरी नहीं मिल पाई है। इन युवाओं ने संबंधितों को ज्ञापन सौंपा है।

## 12 हजार मासिक वेतन पर होनी थी नियुक्ति

जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में हर घर नल कनेक्शन, पानी टंकी का निर्माण हुआ है। इसके तहत जिन ग्रामों में ये कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन ग्रामों में पानी टंकी से जलप्रदाय करने एवं उसके संसाधण के लिए अनुभवी लोगों की जरूरत थी। इसके लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज में युवाओं को नल-जल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद आवश्यकता के अनुसार जिले के चारों ब्लॉक धरसींवा, आरंग, अभनपुर एवं तिल्दा के लगभग 120 युवाओं को विभिन्न गांव में जलप्रदाय एवं संधारण कार्य के लिए चयन हुआ। इन चयनित युवाओं के माध्यम से ग्राम पंचायतों में जलप्रदाय एवं संधारण का कार्य हो, इसके लिए पीएचई विभाग ने चयनित गांव के सरपंचों को नियुक्त करने के लिए अनुशंसा पत्र भेजा था। इस अनुशंसा पत्र के अनुसार 12 हजार रुपए मासिक वेतन पर युवाओं की अस्थाई रूप से नियुक्ति होनी थी, जो अब तक नहीं हो पाई है।

■ जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत जल वितरण संचालन-संधारण के लिए दी गई थी ट्रेनिंग



## रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए

*मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भी युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इन सभी युवाओं को ग्राम पंचायतों में रोजगार देने की व्यवस्था करनी चाहिए।*

*- **संदीप यदु**, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर*

## पीएचई अफसर ने कहा- 45 दिन की ट्रेनिंग पर नौकरी थोड़े ही मिल जाएगी

प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं ने बताया कि नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी ग्राम पंचायतों में नौकरी नहीं मिलने पर वे सभी पीएचई विभाग के अफसर अनिल बच्चन से मिलने गए थे, लेकिन उन्होंने यह कहकर उन्हें लौटा दिया कि 45 दिन की ट्रेनिंग करने से नौकरी थोड़े ही मिल जाती है। उनके इस रवैये के बाद ही अब वे सभी जिला पंचायत उपाध्यक्ष और सीईओ के समक्ष गुहार लगाने पहुंचे।

## सरपंचों में किसी ने कहा- वेतन बहुत ज्यादा, किसी ने कहा, पीएचई विभाग देगा

*हरिभूमि ने कुछ सरपंचों से भी नियुक्ति नहीं करने के संबंध में बातचीत की। इस दौरान ग्राम पंचायत कोटा के सरपंच ने कहा कि वेतन बहुत ज्यादा है। हमारे पास इतना फंड नहीं है, ज्यादा से ज्यादा 2 से 3 हजार ही दे पाएंगे। ग्राम पंचायत सोनतरा के सरपंच ने कहा कि वेतन पीएचई विभाग को ही देना है। इस संबंध में आदेश भी जारी हुआ था। ग्राम पंचायत में इतना फंड नहीं रहता कि इस कार्य के लिए 10-15 हजार रुपए मासिक वेतन दे पाएं।*

## खबर संक्षेप

### एम्स को बाल आपातकालीन चिकित्सा में मिली बड़ी पहचान

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन टीम ने हैदराबाद में हुए 17वें नेशनल असेंबली ऑफ पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन-2026 एवं चौथे इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स–पीईएम राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाया है। यह सम्मेलन किम्स कडल्स अस्पताल, गाचीबोवली द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षुओं की सक्रिय भागीदारी रही। सम्मेलन से पूर्व 27 मार्च 2026 को एम्स रायपुर की टीम ने मल्ला रेड्डी महिला मेडिकल कॉलेज हैदराबाद में पीडियाट्रिक ट्रायेज एवं पीईएआरएलएस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का नेतृत्व विभागाध्यक्ष, पीडियाट्रिक्स एवं प्रभारी पीईएम डॉ. अनिल के. गोयल ने राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में किया, जबकि समन्वय डॉ. जोविन क्रिस एंटनी ने संभाला।

### आपसी विवाद पर चाकूबाजी

**रायपुर।** आपसी विवाद पर विधानसभा इलाके में चाकूबाजी हो गई। बीएसयूपी कालोनी में रहने वाले छबी महानंद और चेरू कुमार के बीच किसी मामले को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि चेरू ने छबी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल छबि को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है। इस मामले में विधानसभा थाने की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है।

## 30 दिन के बाद भी डिलीवरी नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

# गैस की किल्लत के बीच एजेंसियों में खेला
# 25 दिन के बाद बुकिंग, 7 दिन बाद डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

राजधानी रायपुर में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच अब गैस एजेंसियों में भी खेला शुरू हो गया है। शासन-प्रशासन के निर्देश के बावजूद एजेंसियों द्वारा बुकिंग कराने के बावजूद उपभोक्ता को गैस सिलेंडर की डिलीवरी देने में सप्ताहभर या उससे अधिक दिन लगाए जा रहे हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। इधर जिले में हर दिन बुकिंग का प्रतिशत जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसकी तुलना में वितरण का काम कछुआ गति से किया जा रहा है।

यहीं कारण है कि जिले में लंबित बुकिंग के आंकड़े भी लगभग 40 हजार के करीब हैं। संबंधित विभाग के अफसरों की मानें तो जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों का स्टॉक है, लेकिन लंबित बुकिंग के आंकड़े कुछ और ही हकीकत बयां कर रहे हैं।



### बुकिंग की तुलना में 25 प्रतिशत भी वितरण नहीं

सूत्रों के अनुसार, जिले में हर दिन जितने उपभोक्ता गैस सिलेंडरों की बुकिंग कराते हैं, उसकी तुलना में वितरण 25 प्रतिशत से भी कम हो पा रहा है। यही कारण है कि लंबित बुकिंग की संख्या भी घट नहीं रही है। एजेंसियों में स्थिति यह है कि शहरी क्षेत्र में एक सिलेंडर के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग जरूर 25 दिन के बाद हो रही है, लेकिन बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ता को सिलेंडर मिलने में लगभग 30 से 35 दिन तक का समय लग रहा है। इंडेन, भारत जैसी कंपनियों की कई गैस एजेंसियां तो बुकिंग के 12 दिन के बाद भी उपभोक्ता को डिलीवरी नहीं दे पा रही हैं।

### साइकिल, दोपहिया वाहन में खाली सिलेंडर लेकर पहुंच रहे उपभोक्ता

गैस एजेंसियों में बुकिंग कराने के बाद भी होम डिलीवरी में देर किए जाने के कारण अब उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर सीधे एजेंसी एवं गोदाम पहुंच रहे हैं। इस कारण एजेंसियों और गोदामों के बाहर अभी भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

**अफसरों की मानें तो जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों का है स्टॉक**

### ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद बुकिंग, 50 दिन में डिलीवरी

ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस सिलेंडरों के संकट से घरेलू उपभोक्ता जूझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू सिलेंडर की 45 दिन के बाद बुकिंग हो रही है, लेकिन बुकिंग कराने के बाद भी डिलीवरी में एजेंसियां 5 दिन से अधिक समय लगा रही हैं। इसके कारण उपभोक्ता को दूसरा सिलेंडर 50 दिन के बाद ही मिल पा रहा है।

**केस 1**

### अब तक नहीं मिला सिलेंडर

महावीर नगर निवासी अनिल रामानी ने बताया कि उनके यहां इंडेन कंपनी का सिलेंडर आता है। उसने नियम के तहत 25 दिन के बाद होम डिलीवरी के लिए बुकिंग कराई थी, लेकिन बुकिंग कराने के 12 दिन के बाद भी उसके घर सिलेंडर नहीं पहुंचा है। सिलेंडर क्यों नहीं आ रहा है, यह पता लगाने के लिए वे दो बाद एजेंसी दफ्तर के चक्कर लगा चुके हैं। वहां यही कहा जाता है कि स्टॉक नहीं आया है, आते ही डिलीवरी दी जाएगी।

**केस 2**

### सिलेंडर खत्म दिक्कत बढ़ी

आमापारा निवासी भुनेश्वर ने बताया कि उसने भी 25 दिन बाद बुकिंग कराई, लेकिन 5 दिन से अधिक समय हो चुका है, डिलीवरी नहीं की गई है। उसके घर गैस सिलेंडर खत्म हो गया है, जिसके कारण अब इलेक्ट्रानिक चूल्हे पर ही खाना बना रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में घायलों के कैशलेस इलाज पर मंथन पुलिस का सत्यापन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ सात दिनों में डेढ़ लाख तक का इलाज, आयुष्मान के पंजीकृत हास्पिटल मान्य

जिले के आयुष्मान पंजीकृत अस्पतालों में रोड एक्सीडेंट के घायलों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। सात दिनों तक डेढ़ लाख के निशुल्क इलाज के लिए पुलिस सत्यापन जरूरी है। घायल होकर आने वाले मरीज की सूची ई-डार के माध्यम से अस्पतालों को भी देनी होगी।

रायपुर जिले के निजी अस्पताल संचालक, आईएमए के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियो के साथ जिला पंचायत सीईओ श्रीकुमार बिश्वरंजन, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में हुई बैठक में योजना को रायपुर जिले में लागू करने विचार-मंथन किया गया। प्रधानमंत्री राहत योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सार्थक नंदा ने बताया कि इस कैशलेस आपातकालीन उपचार योजना में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना की तारीख से 7 दिनों तक 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज का लाभ मिलेगा। अस्पताल के चिकित्सकों को बताया गया कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य सड़क या शहर की सड़क पर हुए हादसे में घायल मरीजों को निशुल्क इलाज का लाभ दिया जा सकता है, मगर इसके लिए पुलिस से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। घायलों का इलाज आयुष्मान में पंजीकृत अथवा ई-डार में पंजीकृत कोई भी अस्पताल कर सकता है। बैठक में आईएमए राज्य अध्यक्ष डॉ. अनूप वर्मा, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला हॉस्पिटल प्रबंधन, फोगसी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका पाठक, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता एवं रायपुर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कई विभागों का समन्वय जरूरी

इस योजना में रोड एक्सीडेंट को लेकर की विभागों का समन्वय किए जाने की योजना है। एक्सीडेंट के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग, घटनाओं पर कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग, एक्सीडेंट के लिए डेंजर जोन वाले मार्गों की समीक्षा के लिए एनएचआई, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम को मिलकर काम करना है। हालांकि इस योजना को लेकर इन विभागों में समन्वय नहीं हो पाया है।

### राज्य में लागू नहीं हो सकी योजना

रोड एक्सीडेंट के घायलों को निशुल्क इलाज की योजना सालभर पहले देशभर में लागू की गई थी। राज्य में इसे अब तक कार्यरूप में नहीं लाया जा सका है। जानकारों का कहना है कि इसके लिए जिलास्तर पर सुविधा वाले अस्पतालों को सूचीबद्ध कर संचालनालय स्तर पर उपलब्ध कराना है। इस योजना में अब तक यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इलाज करने वाले अस्पतालों को किस फंड से और कैसे भुगतान किया जाएगा।

# सरकारी कर्मचारियों का इलाज करेंगे प्रायवेट अस्पताल, इंपैनल्ड के लिए करना होगा आवेदन



**राज्य के भीतर एवं बाहर के हास्पिटल्स को 2027-28 में दी जाएगी मान्यता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के शासकीय कर्मचारियों का इलाज प्रायवेट अस्पताल करेंगे। वर्ष 2027-28 की सूची में शामिल होने इन अस्पतालों को 31 मई तक आवेदन करना होगा। आवेदन के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की टीम इन अस्पतालों में जाकर मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण करेगी। इंपैनल्ड लिस्ट में राज्य के भीतर के साथ बाहर के हास्पिटल शामिल होते हैं।

राज्य शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार को शासकीय के साथ निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी जाती है। इसके लिए बकायदा चिकित्सा शिक्षा विभाग सुविधायुक्त अस्पतालों का चयन कर उन्हें इलाज के लिए मान्यता प्रदान करता है। वर्तमान में इस सूची में सौ से ज्यादा हास्पिटल शामिल हैं। पंजीकृत अस्पतालों की सूची में आने के लिए इन अस्पतालों को संचालक चिकित्सा शिक्षा के नाम पर आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ उन्हें अस्पताल की श्रेणी के आधार पर तय शुल्क जमा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभागीय अमला इन अस्पतालों में जाकर मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण करेगा। जिन अस्पतालों के पास आवेदन में दर्ज सुविधाएं नहीं होंगी, उन्हें मान्यता नहीं दी जाएगी और न उनका शुल्क वापस होगा।

### 50 हजार से 3 लाख तक शुल्क

आवेदन करने वाले अस्पतलों को मान्यता के पहले निरीक्षण के लिए पचास हजार से तीन लाख रुपए तक शुल्क देना होगा। इसमें जीएसटी के अलावा सिंगल बोर्ड स्पेशलिटी हास्पिटल 20 से 50 बिस्तर के लिए 50 हजार, सिंगल सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल 20 से 50 बेड के लिए 1 लाख, मल्टी बोर्ड स्पेशलिटी हास्पिटल 30 से 100 बेड के लिए 1.50 लाख, मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल 30 से 100 बेड के लिए 2 लाख तथा मल्टी बोर्ड, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल 100 से 200 बेड के लिए 3 लाख तथा डेंटल हास्पिटल के लिए 1 लाख रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

### कैशलेस उपचार की घोषणा

राज्य सरकार द्वारा घोषित बजट में शासकीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए कैशलेस उपचार योजना की घोषणा की है। इसके लिए बजट में 100 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। कैशलेस ट्रीटमेंट की इस स्कीम के बाद इलाज करने वाले हास्पिटलों की सूची में और अधिक हास्पिटलों के शामिल होने की संभावना है। वर्तमान में इस लिस्ट में राज्य के तमाम बड़े प्रायवेट और दूसरे राज्यों के नामी हास्पिटल शामिल हैं।

# युद्ध विराम संग छात्रों का मूल्यांकन प्रारंभ

■ पूर्व परीक्षाओं के आधार पर तय होंगे वार्षिक अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पश्चिमी एशिया के उन देशों के कक्षा 12 छात्रों के लिए वैकल्पिक मूल्यांकन योजना के तहत अंक अपलोड करने का शेड्यूल जारी कर दिया है, जहां बोर्ड परीक्षाएं भू-राजनीतिक परिस्थितियां अर्थात युद्ध के कारण रद्द कर दी गई थीं। यह निर्णय प्रभावित छात्रों के रिजल्ट जारी करने की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए लिया गया है। सीबीएसई द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, स्कूलों के लिए ऑनलाइन पोर्टल 8 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। इस दौरान संबंधित स्कूल अपने लॉगिन के माध्यम से छात्रों के अंक अपलोड कर सकेंगे। बोर्ड ने निर्देश दिया है कि सभी स्कूल नोटिफिकेशन-2 को ध्यान से पढ़ें और उसी के अनुसार प्रक्रिया पूरी करें। सीबीएसई ने साफ कहा है कि अंक अपलोड करते समय अत्यधिक सावधानी बरती जाए, क्योंकि बाद में किसी भी प्रकार की गलती या संशोधन के लिए अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने भी समयसीमा का पालन करने पर जोर दिया है।

*इन देशों में रद्द हुई थीं परीक्षाएं : सीबीएसई ने 16 मार्च से 10 अप्रैल 2026 के बीच होने वाली कक्षा 12 की परीक्षाएं बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे वेस्ट एशियाई देशों में रद्द कर दी थीं। यह फैसला वहां की असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया था। नई नीति के तहत छात्रों का रिजल्ट इंटरनल असेसमेंट और 28 फरवरी 2026 तक हुई परीक्षाओं के प्रदर्शन के आधार पर तैयार किया जाएगा। जिन विषयों की परीक्षा नहीं हो सकी, उनके लिए स्कूलों को छात्रों के क्वार्टरली, हाफ-ईयरली और प्री-बोर्ड के अंकों का डेटा जमा करना होगा। सीबीएसई ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और संतुलित हो, ताकि किसी भी छात्र को नुकसान न हो।*

# रेप केस में बेटे की गिरफ्तारी का झांसा, सेवानिवृत्त इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर 80 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ साइबर ठगों ने डेढ़ लाख रुपए मांगे

■ बेटे से बात करने पर बुजुर्ग को मिली ठगी की जानकारी

विद्युत विभाग के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर को अज्ञात जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर 80 हजार रुपए ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों ने सेवानिवृत्त इंजीनियर को दिल्ली में इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस में कार्यरत बेटे की रेप केस में गिरफ्तारी के बाद उनकी भी गिरफ्तारी का भय दिखाकर ठगी कर ली। इंजीनियर बेटे से बात करने पर सेवानिवृत्त इंजीनियर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। सेवानिवृत्त इंजीनियर ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ डीडीनगर थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीडीनगर सेक्टर-1 निवासी 68 वर्षीय अपराजिता प्रताप सिंह ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। साइबर ठगों ने अपराजिता के साथ 4 अप्रैल को डिजिटल अरेस्ट कर उन्हें ठगी का शिकार बनाया था। अपराजिता ने पुलिस को बताया है कि उसके पास घटना दिनांक को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आपको दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया। कॉल करने वाले ने बुजुर्ग सेवानिवृत्त इंजीनियर को धमकाते हुए कहा कि उनके बेटे की रेप केस में गिरफ्तारी हुई है। साइबर अपराधी ने अपराजिता को अपने बेटे को बचाने के नाम पर तत्काल बताए गए अकाउंट में डेढ़ लाख रुपए जमा करने के लिए कहा।

### घबराए पिता ने डर के मारे ट्रांसफर किए 80 हजार

अपराजिता का बेटा दिल्ली में क्लास वन अफसर है। ऐसे में रेप केस में गिरफ्तारी की डर से बुजुर्ग बुरी तरह से डर गया। साइबर अपराधियों ने पैसे नहीं देने पर बुजुर्ग को भी झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। साथ ही उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने का भय दिखाया। बुरी तरह से सहमे अपराजिता ने डर के मारे अलग-अलग किस्तों में जालसाजों के अकाउंट में 80 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

### आशंका होने पर बेटे को किया कॉल

जालसाजों के अकाउंट में 80 हजार रुपए ट्रांसफर करने के बाद अपराजिता को अपने साथ ठगी होने की आशंका हुई। इसके बाद बुजुर्ग ने अपने बेटे को कॉल किया। कॉल करने पर अपराजिता को उनके बेटे ने अपने सकुशल होने की जानकारी दी। तब अपराजिता राहत की सांस लेते हुए अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। बैंक डिटेल के आधार पर पुलिस आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

# इग्नू ने फिर बढ़ाई आवेदन तिथि, अब 10 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने ओडीएल और ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए आवेदन अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब रजिस्ट्रेशन की नई अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। यह छूट उन लोगों के लिए है जो जनवरी 2026 सेशन के लिए नए सिरे से आवेदन करना चाहते हैं।

ओडीएल प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के लिए आवेदकों को पृथक लिंक पर जाना होगा, जबकि ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक पृथक है। इग्नू ने जून 2026 के टर्म एंड एग्जामिनेशन के लिए असाइनमेंट जमा करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। यह फैसला उन सभी छात्रों पर लागू होता है, जिन्होंने ओपन और डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन प्रोग्राम में प्रवेश लिया है। यूनिवर्सिटी की ओर से जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार, असाइनमेंट जमा करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है।

### प्रक्रिया में बदलाव नहीं

*इग्नू ने स्पष्ट किया है कि सबमिशन की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जहां हार्ड कॉपी निर्धारित केंद्रों पर भेजी जानी हैं, वहीं सॉफ्ट कॉपी को निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपलोड किया जा सकता है। छात्रों को यह भी सलाह दी गई है यह विस्तार अंतिम है और छात्रों को किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए समय पर सबमिशन सुनिश्चित करना चाहिए। इग्नू ने परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में पाठ्यक्रम में प्रवेश लें। यह फैसला उन विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान करने के लिए लिया गया है, जो किसी कारणवश समयसीमा पर प्रवेश नहीं ले पाए या जिन्होंने प्रवेश प्रक्रिया की है, लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी नहीं कर पाए।*

# स्कूल के पास से ठेला-गुमटी हटाए, नाले की कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन-5 की टीम ने पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित सुंदरलाल शर्मा स्कूल के पास लगे पान ठेले और गुमटियों को नाले के ऊपर से उठाकर जब्त कर लिया। नाले से 2 ट्रक मलबा बाहर निकालकर सफाई कराई। जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के नेतृत्व में जोन-5 नगर निवेश विभाग की टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को सुंदरनगर स्कूल के पास लगे ठेले और गुमटियों को मशीन से हटाने सड़क पर उतरी। इस दौरान फुटपाथ पर व्यवसाय कर रहे ठेले-गुमटियों को वहां से हटाया।



## पं. सुंदरलाल शर्मा स्कूल के पास लगे ठेला-गुमटी किए जब्त

## जोन 5 टीम की कार्यवाही

### कांग्रेसियों ने किया विरोध, ज्ञापन सौंपा



पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड में फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले 15 परिवारों को उचित व्यवस्थापन दिए बिना उनके ठेले व गुमटियों पर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर कांग्रेसी नेताओं ने विरोध जताया। आकाश शर्मा, कांग्रेस नेता संदीप तिवारी ने कहा कि महंगाई के दौर में लोगों को रोजगार देने के बजाय ट्रिपल इंजन की सरकार रोजगार छीनने का काम कर रही है। प्रभावित परिवारों के लिए उनके पास सोचने का समय भी नहीं है। शहर के और भी ऐसे इलाके हैं, जहां पूंजीपति निवाास करते हैं। वहां कार्यवाही करना छोड़कर गरीब परिवारों का रोजगार छीनने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है, जबकि इस वार्ड में आम जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। संदीप तिवारी ने कहा, वार्ड में अधिकांश इलाकों की स्ट्रीट लाइट बंद है। पूरे क्षेत्र बड़ी संख्या में मवेशियों का जमावड़ा होने से गली-मोहल्ले में गंदगी और दुर्घटना की स्थिति बनी हुई है। इस ओर नगर निगम का ध्यान नहीं है। इसके साथ ही पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। चंद्रशेखर नगर में नलों से प्रेशर के साथ पानी नहीं आ रहा है। अश्वनी नगर, चंद्रशेखर के सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। सुंदरनगर चौक स्थित आर्बिट टॉवर कांप्लेक्स और अश्वनी नगर में शुभम मार्ट के पास सड़कों पर पार्किंग होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। कांग्रेसी नेताओं ने इस संबंध में जोन-5 कमिश्नरी को ज्ञापन सौंपकर 15 प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन की मांग की है। जोन का घेराव कर ज्ञापन सौंपने वालों में आकाश शर्मा, संदीप तिवारी, प्रदेश महासचिव निखिल बाजारी, जिला महासचिव रेवा साहू, प्रियांशु सिंह, दिव्यांश श्रीवास्तव, पार्थ चंद्राकर, कृष सहारे, वीरेंद्र साहू, अमन यादव, करण यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### नौकरी दिलाने का झांसा फरार आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में दर्ज नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2.34 करोड़ रुपए ठगी करने के मास्टर माइंड को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। ठगी के आरोप में पुलिस ने नई दिल्ली द्वारिका से सुनील प्रताप को गिरफ्तार किया है। सुनील ने गिरोह बनाकर पोस्ट ऑफिस में नौकरी दिलाने का झांसा देने के साथ एमबीबीएस तथा बीएमएस की फर्जी डिग्री बेची है। सुनील के लोकल साथी भुनेश्वर बंजारे, नरेश मनहर, हीरा दिवाकर, राकेश रात्रे, दिल्ली निवासी साक्षी सिंह और अंकित तिवारी को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### जमीन के साथ अब ड्रोन से रखेंगे नजर



**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के उत्तर क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने डीसीपी मयंक गुर्जर ने ड्रोन से निगरानी करने निर्देश दिए हैं। उत्तरी क्षेत्र के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने ड्रोन से एक डेमो भी पेश किया है। अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बदमाशों के खिलाफ ऑपरेशन कालचक्र अभियान चलाने डीसीपी ने निर्देश दिए हैं।

### बारिश की गतिविधि में आज से कमी

**रायपुर।** पिछले आठ दिनों से राज्य में चल रही बादल-बारिश की गतिविधि में गुरुवार से विराम लगने की संभावना है। इसके बाद गर्मी में तेजी दिखेगी, हालांकि उत्तरी इलाके में गर्मी का प्रभाव बढ़ने में थोड़ा वक्त लगने के आसार हैं। इस बात का अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले दो-तीन दिन में राज्य का अधिकतम पारा 40 डिग्री से ऊपर हो जाएगा। अप्रैल का पहला सप्ताह कम गर्मी के साथ गुजर गया है, मगर अब राज्य में गर्मी का प्रभाव बढ़ने की संभावना है। राज्य के मौसम को प्रभावित करने वाली तंत्रिका अब आगे बढ़ चुकी है, जिसकी वजह नीचे उतरा पारा पुनः ऊपर की ओर चढ़ने की संभावना बन रही है।

## श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आठवें दिन निकाली गई विशाल शोभायात्रा





**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के आठवें दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्थल से दोपहर 3 बजे ग्राम भ्रमण शोभायात्रा निकाली गई। डीजे व भजन कीर्तन के साथ शोभायात्रा में भक्तगण नाचते झूमते रहे। घर आंगन में स्वागत द्वार बनाकर श्रीमद्भागवत महापुराण की पूजा अर्चना कर श्रीफल भेंट किया। पुष्प वर्षा का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। नौवें दिन प्रातः हवन पूजा पूर्णाहुति के साथ गीता पाठ किया। भागवत गीता प्रवचन का वर्णन करते हुए कथावाचक पंडित लोकेश महाराज ने बताया कि वर्तमान में मनुष्य दिशाहीन, उद्देश्यविहीन होकर भटक रहा है। समस्याओं से मुक्त रहने के लिए मनुष्य को भागवत गीता के सिद्धांतों के अनुरूप अपना आचरण रखना होगा। उन्होंने बताया कि निर्मल होकर भगवान की आराधना करने से व्यक्ति को परम सुख की अनुभूति होगी। अहंकार व मोह से ग्रसित व्यक्ति को भगवान का सुख प्राप्त नहीं होता। सच्चे मन से भगवान को याद करने पर वे आपकी समस्या को न केवल सुनेंगे, बल्कि उसका समाधान भी स्वतः हो जाएगा। इस अवसर पर आयोजक चोवाराम पटेल, भुनेश्वर पटेल, ढालेंद्र साहू, सोमनाथ सोनवानी, रितेश पटेल, मनी पटेल, मुकेश साहू, नेहरू चक्रधारी, नानकु पटेल, भुनेश्वर साहू, शिव पटेल, बाला पटेल, चेतन साहू, हुलस यादव, मनोज यादव, मैथिलीशरण ठाकुर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## किसानों को ज्यादा से ज्यादा हरी खाद का उपयोग करने की सलाह



**महासमुंद।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को अधिक से अधिक हरी खाद का उपयोग करने एवं हरी खाद तैयार करने की सलाह दी गई है। महासमुंद जिले में हरी खाद का लक्ष्य 1600 हेक्टेयर प्रस्तावित है। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि हरी खाद ऐसी फसलें हैं जिन्हें विशेष रूप से मिट्टी की उर्वरता और संरचना को बढ़ाने और बनाए रखने के लिए उगाया जाता है। इन्हें आमतौर पर सीधे या फिर मिट्टी से निकालकर खाद बनाने के बाद वापस मिट्टी में मिला दिया जाता है। हरी खाद का उपयोग दलहनी फसलों में सन, ढैंचा, लोबिया, उड़द, मूंग, ग्वार आदि फसलों का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इन फसलों की वृद्धि शीघ्र एवं कम समय में हो जाती है। पत्तियां बड़ी वजनदार एवं बहुत संख्या में रहती है एवं इनकी उर्वरक तथा जल की आवश्यकता कम होती है, जिससे कम लागत में अधिक कार्बनिक पदार्थ प्राप्त हो जाता है। यह मृदा में नाइट्रोजन की भरपूर आपूर्ति करती है। बोआई के 35-40 दिनों में (फूल आने से पहले) के बाद पलटने से 50-60 किग्रा./हे. नाइट्रोजन प्रदान करती है। हरी खाद के प्रयोग में मृदा भुरभुरी, वायु संचार में अच्छी, जलधरण क्षमता में वृद्धि, अम्लीयता, क्षारीयता में सुधार एवं मृदा क्षरण में भी कमी होती है। हरी खाद के प्रयोग से मृदा में सूक्ष्मजीवों की संख्या एवं क्रियाशीलता बढ़ती है तथा मृदा की उर्वरा शक्ति एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है।

### पीड़ित पूरी रात डर के मारे झाड़ियों में छिपे रहे, सुबह थाने पहुंचकर दर्ज कराई रिपोर्ट

# सड़क किनारे खड़े परिवार को बदमाशों ने घेरा लूटपाट, छेड़छाड़, झाड़ियों में छिपे रहे पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी पुलिस को बदमाश लगातार चुनौती दे रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार के लोगों को अज्ञात बाइक सवार पांच बदमाशों ने बंधक बनाकर नकदी 20 हजार रुपए के साथ सोने की चेन तथा उनकी दो बाइक लूट ली और फरार हो गए। महिला तथा युवती ने बदमाशों पर छेड़खानी करने के आरोप लगाए हैं।

■ घटना मुजगहन थाना क्षेत्र की

बदमाशों ने महिला तथा युवती को अपनी बाइक पर बैठाकर अपने साथ जबरन ले जाने की भी कोशिश की। बदमाशों के डर से परिवार पूरी रात झाड़ियों के बीच छिपा रहा। सुबह थाने पहुंचकर पीड़ितों ने लूट तथा मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। घटना मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात की है। देवी सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह तथा उसके एक अन्य रिश्तेदार परिवार की एक युवती बाइक से दो अन्य के साथ दतरेंगा जा रहे थे। सेजबहार के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इसके बाद उन लोगों ने अपने एक अन्य रिश्तेदार को कॉल कर पेट्रोल लाने कहा। पेट्रोल के इंतजार में चारों सड़क किनारे खड़े थे। इस दौरान दो बाइक पर पांच बदमाश सड़क किनारे खड़े लोगों के पास पहुंचे और उनसे वहां खड़े होने का कारण पूछे। इस दौरान एक बदमाश ने महिला के गले से चेन छीन ली। विरोध करने पर एक बदमाश ने देवी सिंह के एक पुरुष रिश्तेदार के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। दूसरे बदमाश ने देवी सिंह पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद चाकू की नोक पर बदमाशों ने लूटपाट मचाई।

### महिला, युवती को जबरन ले जाने की कोशिश

पिंकी सोनी ने आरोप लगाया कि बदमाशों ने उसके तथा उसकी दीदी के साथ छेड़खानी की। साथ ही देवी सिंह तथा एक अन्य को जान से मारने की धमकी देकर बदमाशों ने पिंकी तथा उसकी दीदी को जबरन बाइक में बैठाकर ले जाने की कोशिश करने लगे। इसी आपाधापी में पिंकी ने एक बदमाश के हाथ से चाकू छीन लिया और वह अपनी दीदी के साथ तेजी के साथ भागकर झाड़ियों के बीच जा छिपी। इस दौरान मौका देख बदमाश देवी तथा उसके एक अन्य रिश्तेदार को घायल अवस्था में छोड़ उनकी दोनों बाइक लेकर मौके से फरार हो गए।



### सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल में जुटी पुलिस

सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम घटनास्थल पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की। एडीसीपी पश्चिम राहुल देव शर्मा के मुताबिक घटनास्थल के पास बदमाशों के सीसीटीवी फूटेज मिले हैं। पुलिस की टेक्नीकल टीम बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। एडीसीपी ने बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है।

### अज्ञात बदमाशों ने कारोबारी पर किया चाकू से हमला

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ गाली-गलौज से मना करने पर चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चाकूबाजी की घटना बुधवार देर शाम की है।



मोबाइल कारोबारी गोविंद निचलानी ने थाने में चाकूबाजी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि वह एक परिचित युवती के साथ दो अलग-अलग दोपहिया से जा रहे थे। इस दौरान दोपहिया सवार दो बदमाशों ने युवती के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर अज्ञात बदमाशों ने गोविंद पर नशे में होने का आरोप लगाते हुए उसके साथ झूमाझटकी की और चाकू से हमला कर फरार हो गए। घटना श्यामनगर के पास की है।

# भैरव सोसायटी में दो करोड़ की गड़बड़ी, 13 साल पुराना केस, अब हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राष्ट्रीय खनिज विकास निगम कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति के 13 साल पुराने प्रकरण में तत्कालीन लिक्विडेटर, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक राजकुमार नायडू को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया है। नायडू पर आरोप है कि उसने समिति के कर्मचारियों के लिए आवंटित 70 में से 13 प्लाट नियम विरुद्ध निरस्त कर अन्य को कलेक्टर दर से निर्धारित कम दाम पर किसी अन्य को बिक्री कर दिए।

घोटाला सामने आने के बाद राजकुमार नायडू को निलंबित कर दिया गया। निलंबित होने के बाद भी नायडू द्वारा मई 2012 में 15 लाख रुपए गबन किए जाने का आरोप है। जांच में पाया गया कि राजकुमार नायडू की नियुक्ति राष्ट्रीय खनिज विकास निगम कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति की भैरव सोसायटी में नियुक्ति होने के बाद उसने जिस दिन जिन लोगों के 13 प्लाट निरस्त किए थे, उसी दिन अन्य लोगों के नाम पर प्लाट आवंटित कर दिए। इससे सहकारी समिति को 2.04 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

### जितनी राशि का नुकसान, उतना मुनाफा कमाया

नायडू की कृत्य से समिति को जितनी राशि का नुकसान हुआ, उतनी राशि का नए सदस्यों को अनुचित लाभ मिलने का आरोप है। जांच एजेंसी के अनुसार, प्लाट के विक्रय से प्राप्त संपूर्ण राशि को समिति के बैंक खाते में भी जमा नहीं कराया गया। साथ ही सोसायटी द्वारा रोड एवं सार्वजनिक कार्य हेतु आरक्षित भूखंड को भी नायडू द्वारा बेचे जाने का आरोप है।

### आरक्षित भूखंड एक ही परिवार के तीन लोगों को बेच दिया

समिति द्वारा सार्वजनिक कार्य के लिए आरक्षित भूखंड को भी नायडू द्वारा एक ही परिवार के 3 सदस्यों को बेचने का आरोप है। साथ ही प्लाट खरीदने वालों एक करोड़ रुपए का अनुचित लाभ पहुंचाकर समिति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। ईओडब्ल्यू कोर्ट से पुलिस रिमांड हासिल कर राजकुमार नायडू से पूछताछ कर रही है। नायडू के खिलाफ आईपीसी की धारा 409, 420, 120-बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत जांच एजेंसी ने अपराध दर्ज किया है।

# जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने किया औद्योगिक केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा मेसर्स पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्राम बेलटुकरी एवं बिरकोनी स्थित मेसर्स इनलैंड स्पेशिलियटी मेटल्स का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश के परिपालन में निरीक्षण के दौरान औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जिला बलौदाबाजार भाटापारा दिशा शुक्ला सहायक संचालक, श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग डीएन पात्र, विधिक मापविज्ञान विभाग सिद्धार्थ दुबे निरीक्षक, खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश, सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू, श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल उपस्थित रहे।

पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा की जांच में उक्त संस्थान में सेफ्टी बेल्ट एवं सेफ्टी नेट का उपयोग करना नहीं पाया गया। जिस पर प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है। विधिक मापविज्ञान विभाग की जांच में उक्त संस्थान में स्थापित तौल व मापन उपकरणों के विभिन्न मानकों की नियमानुसार जांच की जा रही है एवं संबंधित समस्त दस्तावेज संस्थान को प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। खजिन विभाग की जांच में उक्त संस्थान में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। श्रम विभाग द्वारा संविदा श्रमिक अधिनियम, 1970, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, के अन्तर्गत जांच / निरीक्षण किया गया। फैक्ट्री रोल एवं 04 ठेकेदार के नियोजन में कुल 110 कर्मचारी कार्यरत पाए गए। फैक्ट्री में उत्पादन प्रारंभ नहीं हुआ है। फैक्ट्री निर्माणाधीन है। निरीक्षण पर 35 कुशल कर्मचारी अन्य प्रदेशों के पाए गए, शेष 75 श्रमिक स्थानीय नियोजित पाए गए। जांच में ठेकेदारों द्वारा सूचना प्रदर्शन नहीं पाया गया। ओवर टाइम के संबंध में कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई। ठेकेदारों द्वारा कार्यरत कर्मचारियों को वेतन पर्ची प्रदाय नहीं की जा रही है। इस संबंध में प्रबंधन एवं ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। आंतरिक परिवाद समिति का गठन कराया जाना पाया गया।



इसी तरह इंडस्ट्रियल एरिया बिरकोनी स्थित मेसर्स इनलैंड स्पेशिलियटी मेटल्स में भी टीम द्वारा जांच किया गया। फैक्ट्री निर्माणाधीन है। उत्पादन प्रारंभ नहीं हुआ है। नापतौल विभाग एवं खनिज विभाग की जांच में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा की जांच में सुरक्षा उपकरण कर्मचारियों को उपलब्ध नहीं कराया जाना पाया गया। प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है। श्रम विभाग की जांच में संस्थान में सूचना बोर्ड प्रदर्शित नहीं पाया गया। कार्यरत कर्मचारियों को सैलरी स्लिप प्रदाय किया जाना नहीं पाया गया। ओवर टाइम के संबंध में रिकार्ड प्रस्तुत करना नहीं पाया गया। प्रबंधन एवं ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा रहा है।

### संदीप यदु ने ली रेडक्रास सोसाइटी की सदस्यता

**रायपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के समक्ष बुधवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने रेडक्रॉस सोसाइटी में वार्षिक सदस्य के रूप में सदस्यता ली। कलेक्टर ने सदस्यता राशि ग्रहण की। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एक स्वतंत्र मानव समाजसेवी संस्था है, जो आपदा एवं संकट की परिस्थितियों में पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित है।

### आज पट उत्सव के अवसर पर श्याम मंदिर में निशान यात्रा व भजन संध्या का आयोजन

**सरायपाली।** अर्जुंडा धाम स्थित श्याम मंदिर में इस वर्ष 10 अप्रैल को पट उत्सव के चौथे वर्ष में निशान यात्रा, भजन गायन व पट उत्सव पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।आयोजन समिति जानकारी देते हुए बताया कि श्याम मंदिर में पट उत्सव पर श्याम बाबा का अलौकिक व विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही छप्पन भोग, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा, श्याम रसोई, भजन संध्या के पूर्व भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पट उत्सव का कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे से प्रारंभ होगा। संध्या 4 बजे विशाल निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। वहीं संध्या साढ़े सात बजे संध्या भजन का आयोजन आयोजित होगा। उक्त सभी आयोजन राजस्थान जयपुर के पुरोहित दयाकृष्ण शर्मा के सानिध्य में होगा। ज्ञात हो कि अर्जुंडा धाम स्थित श्याम बाबा के प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन पुरोहित दयाकृष्ण शर्मा द्वारा ही कराया गया था। जयपुर राजस्थान के भजन गायक केमिता राठौर व अभिषेक नामा तथा कटिहार के भजन गायक आदर्श दाधीच द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन समिति श्याम सेवा समिति द्वारा सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### भरण-पोषण की राशि पत्नी को नहीं देने पर बर्खास्त करने आयोग करेगा अनुशंसा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए पुलिस आरक्षक को निर्देश दिए हैं कि वह अपनी पत्नी को भरण-पोषण के लिए हर महीने राशि उपलब्ध कराएं, नहीं तो उसकी सेवा समाप्त करने के लिए डीजीपी को पत्र लिखकर अनुशंसा की जाएगी।

### तीन माह का राशन एक साथ मिलने से खैरा के उपभोक्ताओं में खुशी की लहर

**महासमुंद।** जिले के ग्राम खैरा स्थित उचित मूल्य की दुकान में दुकान संचालक कुलेंद्र चंद्राकर द्वारा उपभोक्ताओं को तीन माह का चावल एक साथ वितरित किया। जानकारी के अनुसार, अक्सर उपभोक्ताओं को हर माह राशन लेने के लिए दुकान के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और मेहनत दोनों की हानि होती थी। कई बार कामकाज या अन्य कारणों से लोग समय पर राशन नहीं ले पाते थे, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। इन सभी समस्याओं को देखते हुए संचालक ने यह निर्णय लिया कि तीन माह का चावल एक साथ वितरित किया जाए। ग्रामीणों ने संचालक कुलेंद्र चंद्राकर के इस प्रयास की सराहना करते हुए प्रशासन से भी मांग की है कि इस तरह की सुविधा अन्य गांवों में भी लागू की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस पहल ने न केवल उपभोक्ताओं की परेशानी को कम किया है, बल्कि राशन वितरण प्रणाली में सुधार की एक सकारात्मक मिसाल भी पेश की है।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

क्रमांक/93/वा.-1/अविअ./2026
महासमुंद, दिनांक 8/4/2026
ग्राम-बेमचा प.ह.नं. 36

सेवक राम चंद्राकर पिता श्री मिलाऊ राम चंद्राकर
निवासी ग्राम बेमचा, प.ह.नं. 36.
तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) ...आवेदक
विरूद्ध
छ.ग.शासन ...अनावेदक

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम बेमचा, प.ह.नं. 36, तहसील व जिला महासमुंद (छ०ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सेवक राम चंद्राकर पिता श्री मिलाऊ राम चंद्राकर निवासी ग्राम बेमचा तहसील व जिला महासमुंद द्वारा ग्राम बेमचा प.ह.नं. 36 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) में भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2581 रकबा 2.10 हेक्टे. में 200 नग सागौन वृक्ष की कटाई की अनुमति बाबत् पत्र बी-1, खसरा की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत वृक्ष कटाई की अनुमति आवेदन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद

# किराए के भवन, अपर्याप्त फैकल्टी, फिर भी नर्सिंग कॉलेज को मान्यता की सिफारिश, रजिस्ट्रार सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फैकल्टी की कमी, स्वयं के भवन का अभाव सहित आईएनसी के मापदंडों को पूरा नहीं करने के बाद भी राज्य में निजी नर्सिंग कॉलेजों का संचालन हो रहा है। ऐसे कॉलेजों को मान्यता देने की सिफारिश करने के आरोप में नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल की रजिस्ट्रार दुर्गावती उसारे (कुंजाम) को निलंबित कर दिया गया है। उन पर वित्तीय अनियमितता, शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने, पद का दुरुपयोग और शासन को भ्रमित करने के आरोप भी हैं। शासन ने रजिस्ट्रार को निलंबित करने और शासकीय जीएनएम कॉलेज कांकेर के प्रभार से मुक्त कर रायपुर सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ करने का आदेश मंगलवार को जारी किया है। रजिस्ट्रार दुर्गावती पर अनियमितता को लेकर कई तरह के आरोप लगे हैं। इसके अलावा उन पर मुख्य आरोप है कि कमियां होने के बाद भी कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर निजी नर्सिंग कालेजों को पंजीयन के लिए सीजीएनआरसी के अध्यक्ष को प्रस्तावित किया था। बड़ी संख्या में पंजीयन के लिए आने आए नर्सिंग कॉलेज और पूर्व की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की गई तो कमियों के खामियों का पता चला। आरोप है कि कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत कूटरचित दस्तावेजों को बिना अन्वेषण पंजीयन कराने की सिफारिश की गई थी।



# गांव चलो-बस्ती चलो अभियान, भाजपा अंत्योदय की भावना को चरितार्थ करने के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा के केंद्रीय, प्रदेश एवं जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया। भाजपा ने स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान की शुरुआत की। यह अभियान 13 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें पार्टी के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सरायपाली विधानसभा के छुईपाली मंडल अंतर्गत ग्राम बंदलीमाल में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया।

कार्यकर्ताओं ने गांव पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात की। अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला गैस योजना व हर घर जल-हर घर नल योजना के हितग्राहियों से चर्चा की गई। गांव चलो-बस्ती चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं लाभार्थियों से सीधा संवाद कर यह जानकारी ली गई कि किन-किन योजनाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हो रहा है। साथ ही अन्य योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, महामंत्री संजय प्रधान, पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री रमेश नायक, अजजा मोर्चा जिला मंत्री अन्तराम बिशी, पिछड़ा मोर्चा मंडल महामंत्री अयोध्या प्रसाद चौधरी, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री महेश नायक, अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भरतु भोई, अजा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सफेद कुम्हार, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री उत्तर प्रधान, पूर्व सरपंच शिवानंद प्रधान, बूथ अध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समाज के बुद्धिजीवियों और विभिन्न वर्गों के लोगों का अभिनंदन हैं। पुष्पलता चौहान ने चर्चा में बताया कि इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी और लाभार्थियों से सीधा संपर्क किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के 45 वर्षों की यह गौरवशाली यात्रा केवल एक राजनीतिक दल की यात्रा नहीं, बल्कि एक विचार, एक संकल्प और राष्ट्र निर्माण की सतत साधना की यात्रा है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है। यह गौरव हमें हमारी विशिष्ट विचारधारा, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व के कारण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ भाजपा देश के हर वर्ग तक पहुंच रही है। भाजपा का समर्पण केवल सत्ता के लिए नहीं है। हमारा समर्पण है मां भारती के लिए। देश के करोड़ों नागरिकों और भारतीय संविधान के लिए है।





## खबर संक्षेप



### खेत में लगे दो बोर मोटर पंप को पहुंचाई क्षति

**बिरकोनी।** खेत में लगे ट्यूबवेल को क्षति पहुंचाने के मामले में किसान ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम बिरकोनी निवासी घनश्याम साहू पिता बलदाऊ साहू ने सिटी कोतवाली पुलिस को चंडी मंदिर के पीछे झिलमिली खार में 10 एकड़ कृषि भूमि है। जिसमें धान की बोआई की है। जिसकी सिंचाई के लिए दो ट्यूबवेल में पांच-पांच एचपी का मोटर लगाया गया था। 8 अप्रैल का रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उक्त दोनों ट्यूबवेल को आपसी रंजिशवश काटकर गिरा दिया गया। सर्किट को निकलकर फेंक दिया और दोनों ट्यूबवेल में काफी तोड़फोड़ भी किया गया। एक ट्यूबवेल में कांटी खंभा को गिरा दिया गया। लाखों की क्षति पहुंचाई है।

### मामाभांचा में चलाया गया गांव चलो बस्ती चलो अभियान

**महासमुंद।** भाजपा के गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा मंडल खल्लारी के अंतर्गत ग्राम मामाभांजा में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया। इस अभियान में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए वरिष्ठजनों का सम्मान किया। गांव चलो बस्ती चलो अभियान में भुवन लाल साहू जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, धरम दीवान भाजपा जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, लोकेश पनुरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष खल्लारी, मंडल महामंत्रीद्वय सुजीत साहू, लोमश दीवान, अश्वनी दीवान मंडल मंत्री, भूषण नामदेव, पूरन सबर जिला मीडिया प्रभारी अनिसूचित जनजाति, टिकेश साहू सोशल मीडिया प्रभारी, ताराचंद साहू पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री, कृष्ण कुमार सेन सांसद प्रतिनिधि, धर्मेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत मामाभांजा, केशव साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा के कार्यकर्ता, मातृशक्ति ग्राम प्रमुख अधिक संख्या में

## निधन

### प्रीतिलता गोस्वामी




**महासमुंद।** ग्राम तोरला (पटेवा) निवासी प्रीतिलता गोस्वामी (67 वर्ष) का निधन हो गया वे गोविंद गिरि की माता तथा धीरेंद्र गिरि की भाभी थीं। अंतिम संस्कार में गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि, संगठन सचिव शंकर पुरी, प्रांतीय पदाधिकारी संजय गिरि, राजू गिरि, बीरेंद्र गिरि, नोहर गिरि, चंदन पुरी सहित परिवार तथा गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सेवा केंद्र उपकार भवन में मनाया गया रतन मोहिनी का पुण्य स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्वविद्यालय की आधार स्तंभ



और संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका रही राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी की प्रथम पुण्य स्मृति दिवस स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में मनाया गया। ब्रम्हाकुमारियों और पूरा ईश्वरीय ने दादी को पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हाकुमारी प्रीति दीदी ने बताया कि त्याग तपस्या प्रेम का संगम रही दादी का जीवन बचपन से ही आध्यात्मिक रहा, महज 13 वर्ष की आयु में संस्थान से जुड़कर अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आज के दिन को संस्थान विश्व एकता दिवस के रूप में मनाता है। दादी का जन्म सिंध हैदराबाद के धार्मिक परिवार में हुआ। दादी निराकार ज्योति स्वरूप परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण और निकट भविष्य में नवयुग स्वर्णिम दुनिया के आगमन का सन्देश देश विदेश में भ्रमण कर लाखों आत्माओं को दिया। राजयोग एंड रिसर्च फाउंडेशन के युवा प्रभाग का अध्यक्ष भी थी।

हमेशा मुस्कुराते रहना, सभी को ख़ुश करना और ईश्वरीय सेवा में सदा तत्पर रहना, दया भाव व सदा विनम्र रहना उनकी ईश्वरीय देन रही। सभी ने उनकी जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके समान बनने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत उद्यानिकी फसल से देवराम पटेल की आय में हुई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम बकमा के निवासी देवराम पटेल एक शिक्षित प्रगतिशील कृषक हैं, उन्होंने वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत मसाला क्षेत्र विस्तार घटक के तहत धनिया फसल को अपनाकर अपनी कृषि पद्धति में परिवर्तन किया है।

देवराम पटेल बताते हैं कि पूर्व में वे पारंपरिक रूप से धान की खेती करते थे, जिसमें अधिक लागत के बावजूद अपेक्षित उत्पादन एवं लाभ प्राप्त नहीं हो पाता था। उनकी कुल 0.74 हेक्टेयर भूमि सिंचित है, जिसका उपयोग उन्होंने आधुनिक तकनीकों के साथ उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में करना प्रारंभ किया। विभागीय मार्गदर्शन एवं योजना के तहत उन्हें 0.34 हेक्टेयर में धनिया फसल के लिए 6800 रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें नई खेती अपनाने में सहायता मिली। पटेल बताते हैं कि वे खेती में ड्रिप सिंचाई एवं कृषि यंत्रों का उपयोग करते हुए उन्होंने धनिया के साथ टमाटर, बैंगन एवं अन्य सब्जी फसलों की खेती भी शुरू की। इसके परिणामस्वरूप उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां पहले धान की खेती से सीमित लाभ होता था, वहीं अब धनिया फसल से 5.50 से 6.00 क्विंटल उत्पादन प्राप्त कर 120 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय कर रहे हैं। लागत में कमी एवं बेहतर बाजार मूल्य मिलने से उन्हें लगभग 50,000 रुपये तक का लाभ प्राप्त हो रहा है। पटेल की इस सफलता का प्रभाव ग्राम बकमा के अन्य कृषकों पर भी पड़ा है। वे स्वयं आगे आकर किसानों को पारंपरिक खेती के स्थान पर उद्यानिकी एवं सब्जी फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिससे गांव के कई किसान अब आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं।



## एकलव्य स्कूल में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 को

### रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 20 तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 7वीं, 9वीं एवं 11वीं अंग्रेजी माध्यम में रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। वर्तमान में केवल बालकों के लिए 8 सीटें रिक्त हैं, जिनमें कक्षा 7वीं में 1 सीट तथा कक्षा 11वीं में 7 सीटें शामिल हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं 20 अप्रैल 2026 तक विद्यालय कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग परिसर में ही आयोजित होगी। यह परीक्षा बहुविकल्पीय होगी, जिसमें प्रश्न पत्र को पांच खंडों में विभाजित किया जाएगा और प्रत्येक खंड से 20-20 प्रश्न पूछे जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं या कार्यालयीन समय पर विद्यालय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस संबंध में प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग द्वारा सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

## कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण कर मनाया गया एनएसयूआई का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के स्थापना दिवस पर कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, प्रभारी हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री अमरजीत चावला, दाऊलाल चंद्राकर, मोहित ध्रुव, हीरा बंजारे, भरत ठाकुर, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष लोकेश चंदन साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरुमीत चावला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर एवं ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू की उपस्थिति रही।



इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कहा कि एनएसयूआई भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र इकाई है, जिसकी स्थापना स्व. इंदिरा गांधी के मार्गदर्शन में युवाओं को संगठित करने एवं छात्र शक्ति को देश निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई ने हमेशा शिक्षा, रोजगार एवं छात्र हितों के मुद्दों पर संघर्ष करते हुए युवाओं की आवाज को बुलंद किया है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़कर इसे मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिसमें प्रमुख रूप से दीपेश ध्रुव, पार्थित पांडे, हितेश शर्मा, अनीश यादव, विनय जयशवाल, आर्य गिलहरे, भुनेश्वर दीवान, घनश्याम साहू, पुष्कर साहू, सितेश साहू, अंशु डेडसेना, मुकुंद कन्नौजे, चुन्नीलाल साहू, हर्ष साहू, छोटू ध्रुव, युवराज सिंह ठाकुर, दीपक साहू, युवराज कन्नौजे, फलेश साहू आदि उपस्थित थे।

### जिले में बढ़ रही लाश मिलने की घटनाएं, लोग दहशत में : रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि जिले में लगातार एक के बाद एक लाश मिलने की घटनाओं से पूरे इलाके में भय और सनसनी है। पिछले हफ्ते जिले के ग्राम खट्टी के एक भयानक घटना के बाद एक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। बागबाहरा रोड पर स्थित लभराखुर्द इलाके में सब स्टेशन के ठीक पीछे एक पुराने सुनसान कुएं में मिली लाश ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। डॉ रश्मि ने आरोप लगाया कि सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। डॉ. रश्मि ने कहा कि जिले में इस तरह की घटनाओं का लगातार सामने आना बेहद चिंताजनक है। यह दर्शाता है कि प्रशासनिक स्तर पर कहीं न कहीं बड़ी चूक हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अपराधी इतने बेखौफ कैसे हो गए हैं कि एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है और सरकार की प्राथमिकता आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि इन सभी मामलों की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, साथ ही एक विशेष जांच दल का गठन किया जाए।

## पीएम जनमन आवास योजना से हीरा कमार के परिवार का पक्के घर का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध हो और बेहतर जीवनयापन कर सके। महासमुंद जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के चिन्हांकित 678 कच्चे मकान में निवासरत परिवारों के लिए पीएम जनमन आवास योजना से स्वीकृति उपरांत लगभग सभी परिवारों को पक्का छत मिल गया है।

इसी क्रम में जिले के ग्राम झालखम्हरिया की कमार जनजाति की मधु कमार के जीवन में एक नया उजाला तब आया, जब उन्हें पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत अपना पक्का घर मिला। वर्षों से घास-फूस और मिट्टी के कच्चे मकान में रहकर कठिनाइयों का सामना कर रही मधु कमार और उनके पिता हीरालाल कमार के लिए यह आवास किसी सपने के साकार होने से कम नहीं है। मधु कमार बताती हैं कि पहले उनका परिवार बारिश, गर्मी और ठंड के मौसम में काफी परेशानियों से गुजरता था। कच्चे मकान की वजह से सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बनी रहती थीं। लेकिन, अब पक्का आवास मिलने से उनके जीवन में स्थिरता, सुरक्षा और सम्मान का भाव आया है। मधु कमार के पिता हीरालाल ने भावुक होकर बताया कि अब उन्हें अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में रहने का अवसर मिला है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जैसे जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब उनका परिवार निश्चिंत होकर खुशी-खुशी जीवन यापन कर रहा है।



आत्मसम्मान के साथ पक्के घर में सुकून के साथ रह रहा है हीरा और उनकी बेटी

## घोड़ारी में तीन दिवसीय सतनाम गुरुग्रंथ हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम घोड़ारी में तीन दिवसीय सतनाम गुरुग्रंथ समारोह का समापन कलश यात्रा निकालकर नदी का जल बाबा गुरु घासीदास के चरणों में समर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अध्यक्ष रामकुमार बंजारे, उपाध्यक्ष भुवन बंजारे, सचिव सुधीर बंजारे, कोषाध्यक्ष महेंद्र ओगरे, राजेश मन्नाडे, सुनील बंजारे, चंदन मन्नाडे, आशीष बंजारे, रमन भारती, ठाकुर बंजारे सहित समाज के प्रमुख व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बिरकोनी के उचित मूल्य दुकान में मनाया चावल उत्सव, हितग्राहियों ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में राज्य शासन निर्देश एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में शासकीय उचित मूल्य दुकान में चावल उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर दुकान में उत्सव के रूप में खाद्यान्न वितरण किया गया, जिससे हितग्राहियों को समय पर एवं सुगमता से राशन दिया जा रहा है।

चावल उत्सव के दौरान उचित मूल्य दुकान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में चावल वितरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राशन कार्डधारी हितग्राही श्याम लाल, महेंद्र, रवि पटेल, प्रिया साहू, खेमराज साहू, तेजेश्वर साहू, शशि, तिलोचनी, हेमलाल, दामिनी, यारुस पटेल सहित ग्रामीणों को राशन वितरण किया गया। इस अवसर पर सेल्समैन ओमन साहू, टिभू राम निर्मलकर, सोहम निषाद, संतराम साहू, रामजी साहू, राधेलाल पटेल, कृष्णा पटेल, देवंतीन बाई उपस्थित रहे।

इस दौरान हितग्राहियों ने कहा कि शासन द्वारा तीन माह का चावल वितरण से राशन की चिंता से मुक्ति मिली है। सेल्समैन ओमन साहू ने बताया कि बिरकोनी में 1700 राशन कार्डधारी हैं। जिसके लिए उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न भंडारा किया गया हैं। सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर एवं पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। ताकि, शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।



